# University in News on 14 March 2024

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि में हुआ व्याख्यान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में लगी प्रदर्शनी में बुधवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व ज्वाइंट डीजी डा. एसबी ओटा ने पेंटेड राक सेल्टर विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव ने विषय-वस्तु पर विस्तृत जानकारी दी। भारत में शैलचित्र कला की प्राचीनता, उसकी विषयवस्तु, कलात्मक शैली, रंग-योजना आदि के बारे में बताया। (जासं)

### योग महोत्सव कल

लखनऊ : लवि के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा मोरार जी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के तत्वाधान में 15 मार्च को सुबह सात बजे से विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित कीड़ा स्थल में योग महोत्सव होगा। समन्वयक डा. अमरजीत यादव ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने देश में 100 स्थानों पर योग के कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में लवि को भी चुना गया है। दोपहर 12 बजे से योग फैकल्टी के सभागार में संगोष्ठी भी होगी। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : आज से गेट नंबर 2 व 4 बंद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए गेट का उद्घाटन होने के बाद परिसर की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब गेट नंबर दो और चार नियमित तौर पर बंद होंगे। प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी ने इसका आदेश जारी किया है। नई व्यवस्था के तहत नवनिर्मित विवेकानंद द्वार से सभी का आवागमन रहेगा। चार पहिया वाहन गेट संख्या दो और दोपहिया गेट नंबर चार की पार्किंग खड़े होंगे। गेट नंबर चार से पैदल आवागमन पहले की तरह जारी रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 5

### न्यू कैंपस जानकीपुरम में 15 को योग महोत्सव

■ एनबीटी, लखनऊः फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा मोरार जी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली, आयुष मंत्रालय की ओर से देश के 100 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन को चुना गया है।

कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि 15 मार्च को सुबह 7 बजे नवीन परिसर, जानकीपुरम के क्रीड़ा स्थल में योग महोत्सव आयोजित होगा। अधिष्ठाता प्रफेसर अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि स्वास्थ्य परामर्श के सत्रों का आयोजन होगा।

### विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी



■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को विषम सेमेस्टर 2023 परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना के मुताबिक एमकॉम, एमए, एमएससी समेत तमाम कोर्स के विषम सेमेस्टर के परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। स्टूडेंट्स अपने विषय से जुड़े परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

### करियर काउंसलिंग और एनईपी की दी जानकारी

■ एनबीटी, लखनऊः वीरांगना उदा देवी इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने बुधवार को एलयू के द्वितीय परिसर में संकाय व संस्थानों का दौरा किया। स्टूडेंट्स कैंपस देखकर दंग रह गए। विवि के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रफेसर(डॉ.) बीडी सिंह व अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अभिषेक तिवारी के निर्देशन में स्टूडेंट्स की करियर काउंसलिंग की गई।

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीए व बीएससी योग का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को कई पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए। एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स पांचवे सेमेस्टर, बीए और बीएससी योगा पांचवे सेमेस्टर, एमएससी एन्वायरमेंटल साइंस प्रथम सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, शास्त्री, बीएफए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ बीएड प्रथम सेमेस्टर, एमपीएच पब्लिक हेल्थ तृतीय सेमेस्टर, एमआईएच तृतीय सेमेस्टर, शास्त्री पंचम सेमेस्टर के परिणाम एलयू की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

### एलयू में स्कूली छात्रों ने देखी परीक्षा प्रक्रिया

लखनऊ। वीरांगना उदा देवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विशिवद्यालय के द्वितीय परिसर में विभिन्न संकाय, संस्थान का भ्रमण किया। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बी डी सिंह व अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अभिषेक तिवारी के निर्देशन में स्कूल से आए हुए बच्चों के लिए करिअर काउंसलिंग व नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में विविध करियर के अवसरों के उद्भव के शिखर और दायरे के विषय में चर्चा हुई।

## i-NEXT PAGE 5

### एलयू की छात्रा ने जीता कांस्य पदक

LUCKNOW: जवाहर लाल नेहरू इनडोर स्टोरियम उड़ीसा कटक में बीते नौ से 11 मार्च तक हुई खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग अंडर 68 वेट कैटेगरी में तमिलनाडु की रोशनी स्वर्ण पदक और मध्य प्रदेश की कनिष्क शर्मा को सिल्वर पदक मिला. वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकाम द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी जुगरान को कांस्य पदक जीता है. एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार ने प्रियांशी को बधाई दी.



### एलयू का गेट नंबर दो व चार बंद

एलयू ने मुख्य परिसर के गेट नंबर दो व चार को गुरुवार से बंद रखने का निर्णय लिया है. चीफ प्राक्टर की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक नवनिर्मित विवेकानंद गेट से सभी का आवागमन रहेगा. चार पहिया वाहन गेट नंबर दो और दो पहिया वाहन गेट नंबर चार की पार्किंग में खड़ा किया जाएगा.

### एलयू के सेकंड कैंपस का किया विजिट

वीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में विभिन्न संकाय, संस्थान आदि का शैक्षिक भ्रमण किया. विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह व अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. अभिषेक तिवारी के निर्देशन में स्कूल से आए हुए बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग व एनईपी के परिप्रेक्ष्य में विविध करियर के अवसरों के बारे में बताया गया. इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम साहू भी उपस्थित रहीं.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### छात्रों ने वर्चुअल माध्यम से देखा कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री द्वारा सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। वर्चुअल माध्यम से आरंभ हुई परियोजनाओं को लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने जाना और देखा। ऐसे में संकायाध्यक्षों द्वारा उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा परियोजनाओं की आधारशिला को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा गया। लखनऊ विवि में पूरा कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से द्वितीय परिसर के विश्वकर्मा सभागार में देखा गया। अभियांत्रिकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह और सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उधर, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि में ने भी इस प्रसारण को देखा। परियोजना के माध्यम से गुजरात के धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, साणंद, असम के मोरीगांव में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला से संबंधित बिन्दुवार जानकारियों से विभागाध्यक्षों द्वारा अवगत कराया गया। लाइव प्रसारण को ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विवि के छात्रों द्वारा भी देखा गया।

### लविवि में योग महोत्सव कल

अमृत विचार, लखनऊ : फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के तत्वाधान में 15 मार्च को योग महोत्सव का आयोजन होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय नवीन परिसर जानकीपुरम के क्रीड़ा स्थल पर कार्यक्रम प्रात : 7 बजे से होगा। कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में 100 स्थानों पर योग के कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर ने विवि के कार्यक्रम में योगाभ्यास स्वास्थ्य परामर्श के सत्रों का आयोजन भी होगा। दोपहर 12 .00 बजे से योग फैकल्टी के सभागार में योग चिकित्सा की वैज्ञानिक अवधारणा विषय पर संगोष्ठी होगी। इसमें योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विषयों पर व्याख्यान होगा।

### लविवि की छात्रा को मिला कांस्य पदक

अमृत विचार, लखनऊ : खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा ने कास्य पदक हासिल किया है। उड़ीसा स्थित कट जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में 9 से 11 मार्च तक जूनियर वर्ग अंडर 68 वेट कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तमिलनाडु की रोशनी ने स्वर्ण, मप्र की कनिष्क शर्मा ने रजत पदक जीता। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रियांशी जुगरन को कांस्य पदक मिला है। प्रियांशी बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। इससे पहले भी प्रियांशी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक हासिल किए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रियांशी को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।